# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
## (पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : ~~SWAYAM~~ सम्‍-१० /996/2025 दिनांक : 05/02/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः– महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को स्वयम पोर्टल पर पंजीकरण कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में स्वयम पोर्टल के माध्यम से पाठ्यक्रम का चयन एवं पंजीकरण कराया जाना है। जिसके सम्बन्ध में महाविद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए कार्यवाही की जानी थी। परन्तु संज्ञान में आया है कि सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा उक्त कार्य में विशेष रूचि नही ली जा रही है। जिस पर शासन द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी है। स्वयम पोर्टल के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही हेतु दिये गये प्रारूप पर महाविद्यालय स्तर पर समन्वयक नामित करते हुए सूचना विश्वविद्यालय की स्वयम नोडल डॉ० पल्लवी आर्य (9818422024) एवं सह–नोडल इंजी० नागेन्द्र सिंह (9359941885) को उपलब्ध करायेगें।

**प्रारूप**

| Sr. No. | College Name | Nodal name | E mail ID | Mobile No / Whatsapp No |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

छात्र/छात्राओं का स्वयम पोर्टल पर निम्न लिंक के माध्यम से पंजीकरण करा सकते है।

Link: https://swayam.gov.in/mycourses

अतः शासन के निर्देशों के क्रम में अनुरोध है कि दिये गये प्रारूप पर कोर्डिनेटर नामित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए तीन कार्य दिवसों में प्रगति आख्या से अद्योहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. विश्वविद्यालय, स्वयम नोडल/सह– नोडल अधिकारी।
2. प्रभारी, विश्वविद्यालय, वेबसाइट, उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु।
3. उप–कुलसचिव सम्बद्धता।
4. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. विश्वविद्यालय, अधिकृत एजेंसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना सम्बद्ध महाविद्यालयों के लागिन में आज डी अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव